प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में कार्रवाई तेज, तीन गिरफ्तार, छह से पूछताछ जारी, संस्कृत के भी दो पर्चे सोशल मीडिया पर वायरल, जैक ने बताया फर्जी।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– झारखंड के लघु और मध्यम उद्योगों को डिफेंस सेक्टर से जोड़ने का होगा प्रयास, उद्यमियों को मिलेगा बड़ा बाजार।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
- चेन्नई में आयोजित दो दिवसीय मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिज़नेस कॉनक्लेव में झारखंड ने भी लिया है भाग, फिल्मकारों को राज्य में फिल्म शूटिंग के लिए किया गया आमंत्रित।
- रांची में चल रही अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चौंपियनशिप में उत्तर–मध्य और मध्य रेलवे मुंबई ने दर्ज की जीत, आज खेले जायेंगे तीन मैच।

*******************

जैक के मैट्रिक प्रश्न पत्र लीक मामले में प्रशासन ने कार्रवाई ते ज कर दी है। कोडरमा से दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि जमशेदपुर से भी एक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गढ़वा के भवनाथपुर से छह को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गढ़वा में तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले में सीआईडी टीम भी जैक और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर छापेमारी कर रही है। इस बीच कल संस्कृत विषय के भी दो अलग–अलग प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुए। हालांकि प्रारंभिक जांच में जैक ने इसे फर्जी करार दिया है।

*******************

मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले के विरोध में चाईबासा में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच भाजपा के जिला महामंत्री प्रताप कटियार ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि झारखंड समेत आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को डिफेंस सेक्टर से जोड़ने का प्रयास होगा, ताकि उद्योगों को एक नया और बड़ा बाजार मिल सके। जमशेदपुर सिटीजन फ़ोरम के तत्वावधान में आदित्यपुर ऑटो प्लास्टर में आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की पहल तेज कर दी गयी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वां कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा।

*******************

फ़िक्की द्वारा 21 और 22 फ़रवरी को चेन्नई में आयोजित मीडिया एंड एंटरटेनमेंट बिज़नेस कॉनक्लेव में झारखंड फ़िल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ने भी भाग लिया है । झारखंड के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक श्री बीरू कुशवाहा ने बताया कि नॉलेज सीरीज सेशन के दौरान उपस्थित सभी फ़िल्मकारों को झारखंड में फ़िल्म की शूटिंग के लिए आमंत्रित किया गया ।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

जामताड़ा जिले में पुलिस ने आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से कई आपत्ति जनक चीजें बरामद की गयी हैं।

*******************

जल संरक्षण पर काम करने वाले सेवानिवृत्ति आईपीएस अधिकारी महेंद्र मोदी ने अपने विद्यालय भूगर्भीय जल संरक्षण के लिए विशेष टैंक का निर्माण कराया है। यह टैंक 500 मीटर तक पानी संरक्षित करने की क्षमता रखता है, जो विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में जल आपूर्ति को सुगम बनाएगा। श्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भूगर्भीय जल को बचाए रखना बेहद जरूरी है।

*******************

लोहरदगा जिले में बेघरों को घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा

*******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के 14 जिलों में आज आंधी–बारिश और ओलावृष्टि का औरेंज अलर्ट जारी किया है। कहीं–कहीं वज्रपता भी हो सकता है। जिन जिलों में आज पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा उनमें रांची के अलावा कोल्हान और पश्चिम बंगाल से सटे इलाके शामिल हैं।

*******************

रांची के हटिया में चल रही अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज और मध्य रेलवे मुंबई ने जीत दर्ज की। सेरसा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेले गये पहले मैच में उत्तर मध्य रेलवे ने पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर को पांच– दो से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में मध्य रेलवे मुंबई ने इंटीग्रल कोच फैक्टरी चेन्नई को शून्य के मुकाबले तीन गोल से हराया।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- अंतर्राष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्टीव लेवेन्थल ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान आदिवासी युवाओं को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा हुई।
- मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ अभियान और तेज करने का निर्देश दिया है। वे रांची में अभियान की समीक्षा कर रही थीं।
- खूंटी जिले के कर्रा मलगो क्षेत्र में 17 फरवरी को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रेसलर पत्नी खुश्बू कुमारी ने ही अपने पति संदीप टोप्पो को मरवाने के लिए सुपारी दी थी।

*******************

राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले जांच अभियान तेज होने की खबर को प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– कोडरमा में दो गिरफ्तार, एक फरार, गढ़वा में तीन पर केस , नौ हिरासत में।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिरसा जू में चार एमू और एक मगरमच्छ की मौत।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– जेपीएससी टॉपर शालिनी ने भाई व मां के साथ केरल में की खुदकुशी।

दैनिक जागरण लिखता है– बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर, शिक्षा, स्वास्थ्य व पानी सरकार की प्राथमिकता।

*******************